# कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,
# प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
# फतेहपुर

पत्र सं0 1752 / C-5/ दिनांक- 09 / 08 / 2021

सेवा में,

इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड,
आई0जी0एल0 भवन, प्लाट सं0-4, कम्युनिटी सेन्टर, आर0के0 पुरम,
सेक्टर-9 नई दिल्ली। 110022

विषय :- **भोगनीपुर घाटमपुर चौडगरा मार्ग (एस0एच0-46) एवं जे0ए0सी0जे0जे0 मार्ग (एम0डी0आर0) में स्टील गैस पाइप लाइन बिछाने की अनुमति के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भ :- **आपका पत्रांक-IGL/Steel/Kanpur/DD/21-22/05 दिनांक-19.07.2021**

उपरोक्त सन्दर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आपने विषयगत मार्गों के किनारे स्टील गैस पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु डी0डी0 विधि द्वारा कुल 89 गड्ढों (200-200 मी0 की दूरी पर) की कटिंग चार्ज रु0-73,24,350.00 (तिहत्तर लाख चौबीस हजार तीन सौ पचास रुपये मात्र) का डिमान्ड ड्राफ्ट सं0-990077 दिनांक-14.07.2021 अधिशाषी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, फतेहपुर के नाम खण्डीय कार्यालय में जमा कर दिया गया है, जिसके कम में उपरोक्त मार्गों के किनारे स्टील गैस पाइप लाइन बिछाने हेतु अनुमति निम्नलिखित शर्तों के साथ प्रदान की जाती है :-

1- मार्ग के लेपित सतह को किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त न किया जाय।
2- भोगनीपुर घाटमपुर चौडगरा मार्ग (एस0एच0-46) हेतु वर्तमान मार्ग के मध्य से 15.00 मी0 एवं जहानाबाद अमौली चाँदपुर जाफरगंज जोनिहा मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग सं0-35) हेतु वर्तमान मार्ग के मध्य से 7.00 मी0 दूर कच्चे भाग (मिट्टी) पर ही खुदाई/पाइप डालने का कार्य रोड सतह से 1.50 मी0 नीचे ही किया जाय।
3- पाइप बिछाने के पश्चात् सतह को पुनः पूर्व अवस्था में कर यातायात योग्य कर दिया जाये, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो।
4- रोड कटिंग का कार्य कराते समय आवश्यक चेतावनी बोर्ड, बैरीकेटिंग व रात्रि में हाईलोजन लगाकर कार्य करायें।
5- यातायात में किसी भी प्रकार की बाधायें न उत्पन्न की जाय।
6- उक्त शर्तों में किसी भी प्रकार के उल्लंघन की दशा में तथा अनुमति प्रदान किये जाने की तिथि से एक वर्ष के अन्दर ही उपरोक्त कार्य समाप्त कर लिया जाये, अन्यथा अनुमति स्वतः निरस्त समझी जायेगी। समयावधि पूर्ण हो जाने के उपरान्त आपको अलग से अनुमति हेतु इस कार्यालय को सूचित किया जायेगा।

(अनिल कुमार शील)
अधिशाषी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0,
फतेहपुर

पत्रांक........./........./.........   दिनांक........./........./.........

प्रतिलिपि :1- सहायक अभियन्ता (तृतीय), निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, फतेहपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2- इस खण्ड के अवर अभियन्ता (प्रा0) को।

अधिशाषी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0,
फतेहपुर

RAMA KANT SRIVASTAVA
Vice President (GA Head)
INDRAPRASTHA GAS LIMITED
Kanpur (Part), Fatehpur & Hamipur
808-810, 8th Floor, 14/113, Kan Chamber
Civil Lines, Kanpur-208001

D/Ashish Sri (Latter C.D.-2 (EE Jahanabad)

Scanned with CamScanner